राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव 2022

हाल ही में नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष द्वारा राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव (National Youth Parliament Festival- NYPF), 2022 के तीसरे संस्करण के समापन समारोह को संबोधित किया गया।

- राष्ट्रीय युवा संसद, युवाओं को संसदीय और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की समझ से लैस करने के लिये एक अभिनव कार्यक्रम है।

प्रमुख बिंदु

राष्ट्रीय युवा संसद महोत्सव के बारे में:

- **पृष्ठभूमि:** NYPF वर्ष 2017 में प्रधानमंत्री द्वारा अपने 'मन की बात संबोधन' में दिये गए विचार पर आधारित है।
- **उद्देश्य:** 18-25 आयु वर्ग के युवाओं की आवाज़ सुनना, जिन्हें वोट देने की अनुमति है लेकिन चुनाव नहीं लड़ सकते।
  - युवाओं को सार्वजनिक मुद्दों से जुड़ने के लिये प्रोत्साहित करना, आम आदमी के दृष्टिकोण को समझना, राय बनाना और उन्हें स्पष्ट रूप से व्यक्त करना।
- **पिछला NYPF:** NYPF का पहला संस्करण वर्ष 2019 में आयोजित किया गया था, जिसका विषय था "नए भारत की आवाज़ बनें और समाधान खोजें एवं नीति में योगदान करें"।
  - NYPF का दूसरा संस्करण 2020 में आयोजित किया गया था, जिसका विषय "युवा-उत्साह नए भारत का" था।
- **मुख्य विशेषताएँ:**
  - देश के सभी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान इस कार्यक्रम में भाग लेने के पात्र हैं।
  - नौवीं से बारहवीं कक्षा के छात्रों के लिये किशोर सभा।
  - स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर के छात्रों के लिये तरुण सभा।
  - भागीदारी के लिये शिक्षण संस्थानों द्वारा वेब पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण किया जाएगा।
  - योजना के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिये प्रतिभागी संस्थान मुख्य अतिथि के रूप में एक सांसद/पूर्व सांसद/'पूर्व विधायक/MLC/पूर्व MLC या प्रतिष्ठित व्यक्ति को आमंत्रित कर सकते हैं जो युवा संसद के प्रदर्शन की देखरेख करेगा।
- **आयोजन: युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय।**

स्रोत: पी.आई.बी.

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-youth-parliament-festival-2022